जडेजा बने वर्ल्ड नंबर-1 ऑलराउंडर



नई दिल्ली 30 जुलाई. इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने ताजा रैंकिंग जारी की है. आईसीसी की टेस्ट में ऑलराउंडर की ताजा रैंकिंग में भारत के रवींद्र जडेजा नंबर-1 पर आ गए हैं. जडेजा अब टेस्ट में दुनिया के नंबर-1 ऑलराउंडर हैं. इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में जडेजा ने शानदार शतक लगाया था.

आईसीसी की टेस्ट क्रिकेट में ऑलराउंडर की रैंकिंग में रवींद्र जडेजा के 422 अंक हैं. दूसरे नंबर पर बांग्लादेश के मेहदी हसन मेराज हैं. हालांकि, जडेजा उनसे 117 अंक आगे हैं. मेहदी के 305 अंक हैं. तीसरे नंबर पर इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स हैं. स्टोक्स के 301 अंक हैं.

टॉप-5 हरफनमौला

1- भारत के रवींद्र जडेजा- 422 अंक
2- बांग्लादेश के मेहदी हसन मेराज- 305 अंक
3- इंग्लैंड के बेन स्टोक्स- 301 अंक
4- दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर- 286 अंक
5- ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस- 270 अंक

मेहदी हसन मेराज

अभिषेक शर्मा टी20 के नंबर-1 बल्लेबाज

आईसीसी ने टी20 इंटरनेशनल में बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग भी जारी की है. करीब एक साल तक नंबर-1 रहने वाले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड से अब ताज छिन गया है. ताजा रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा नंबर-1 बन गए हैं. बायें हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के अब 829 रेटिंग अंक हैं, जबकि ट्रेविस हेड 814 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं.

टी20 इंटरनेशनल में टॉप-5 बल्लेबाज

1- भारत के अभिषेक शर्मा- 829 अंक
2- ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड- 814 अंक
3- भारत के तिलक वर्मा- 804 अंक
4- इंग्लैंड के फिल साल्ट- 791 अंक
5- इंग्लैंड के जोस बटलर- 772 अंक

वाशिंगटन-जडेजा की छलांग, जायसवाल लुढ़के

आईसीसी ने भारत बनाम इंग्लैंड पांचवे टेस्ट से पहले बुधवार, 30 जुलाई को ताजा रैंकिंग जारी की. मैनचेस्टर में शतक जड़ने वाले रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर को फायदा हुआ है तो वहीं यशस्वी जायसवाल 3 पायदान नीचे लुढ़क गए हैं. ऋषभ पंत आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में अब बतौर इंडियन प्लेयर सबसे ऊपर आ गए हैं, वह लिस्ट में 7वें नंबर पर है. कप्तान शुभमन गिल 9वें स्थान पर कायम हैं. यशस्वी जायसवाल पहले पांचवे स्थान पर थे, अब वह टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में 8वें स्थान पर आ गए हैं. इंग्लिश बल्लेबाज जो रुट ने अपना पहला स्थान बरकरार रखा है. रवींद्र जडेजा को आईसीसी पुरुष गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ है, पहले वह 15वें स्थान पर थे और अब 682 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 14वें नंबर पर आ गए हैं. लिस्ट में पहले नंबर पर जसप्रीत बुमराह ही हैं .पुरुष टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में वाशिंगटन सुंदर ने लंबी छलांग लगाई है, वह 8 स्थान ऊपर आ गए हैं.

टीम इंडिया उतरेगी सीरीज बराबर करने

भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट मैच आज से, अंग्रेजों की कमान संभालेंगे ऑली पोप

लंदन, 30 जुलाई (वार्ता) भारत और इंग्लैंड के बीच आज से ओवल के मैदान पर पांचवां टेस्ट शुरू होगा. भारत की नजरें जहां सीरीज बराबर करने पह होंगी तो वहीं इंग्लैंड टीम मैच जीत कर सीरीज पर कब्जा करना चाहेगी या मैच ड्रा करा कर भी सीरीज अपने नाम करना चाहेगी क्योंकि इंग्लैंड टीम सीरीज में अभी 2-1 से आगे है. इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स भारत के खिलाफ 31 जुलाई से ओवल में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह ऑली पोप टीम की अगुवाई करते नजर आएंगे।

इंग्लैंड टीम में ब्रायडन कार्स और जोफ्रा आर्चर को आराम दिया गया है। गस एटकिंसन, जेमी ओवर्टन और जॉश टंग इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण में शामिल किए गए हैं। वहीं जेकेब बेथल भी अंतिम टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा हैं।

स्टोक्स ने मैनचेस्टर टेस्ट में 141 रनों की पारी खेलने के साथ ही पहली पारी में भारत के पांच विकेट, दूसरी पारी में एक विकेट हासिल किया था। स्टोक्स को उनके इस प्रदर्शन के चलते प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था।

स्टोक्स को ओवल टेस्ट के तीसरे दिन बल्लेबाजी के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव आया था जिसके चलते वह रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। हालांकि इंग्लैंड की बल्लेबाजी को लड़खड़ाता देख वह बल्लेबाजी करने के लिए उतरे और उन्होंने दिन के खेल की समाप्ति तक 77 रन बना लिए थे। अगले दिन स्टोक्स ने अपनी पारी को आगे बढ़ाया और 141 रनों की पारी खेलकर इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

हालांकि चौथे दिन स्टोक्स ने एक भी ओवर की गेंदबाजी नहीं की थी लेकिन अंतिम दिन उन्होंने खुद ही इंग्लैंड के लिए गेंदबाजी की शुरुआत करने का फैसला किया। स्टोक्स ने कुल 11 ओवर की गेंदबाजी की और 33 रन देते हुए के एल राहुल का विकेट चटकाया। भारत ने यह मैच बचा लिया और इंग्लैंड मैनचेस्टर में सीरीज अपने नाम नहीं कर पाया। इंग्लैंड के सामने अब स्टोक्स की अनुपस्थिति में घर पर सीरीज जीतने की चुनौती होगी।

- गेंदबाज़ी चोट के कारण स्टोक्स सीरीज फिनाले नहीं खेलेंगे
- मैनचेस्टर टेस्ट में स्टोक्स ने बल्ले व गेंद से दिखाया था दम
- ब्रायडन कार्स और जोफ्रा आर्चर को दिया गया आराम
- गस एटकिंसन, ओवर्टन और टंग तेज आक्रमण में शामिल

पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ऑली पोप (कप्तान), जो रूट, हैरी ब्रूक, जेकब बेथेल, जेमी स्मिथ, क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, जेमी ओवर्टन, जॉश टंग

विकेट देखना कोच का अधिकार : शुभमन गिल

लंदन। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज़ में कई तीखे पल देखने को मिले हैं, लेकिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने स्पष्ट किया है कि मैदान के बाहर खिलाड़ियों के बीच कोई दुश्मनी नहीं है। हालांकि, मंगलवार को टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर का ओवल के मुख्य पिच क्यूरेटर ली फोर्टिस के साथ तीखी बहस हुई थी। गिल ने गंभीर का समर्थन करते हुए कहा कि एक कोच को विकेट को करीब से देखने का पूरा अधिकार है। उन्होंने इस घटना को %अनावश्यक% बताया। गिल ने कहा, 卐यह पहली बार नहीं है कि हमने विकेट को देखा है। मुझे नहीं पता कि क्यूरेटर ने हमें विकेट देखने की अनुमति क्यों नहीं दी। हम लंबे समय से क्रिकेट खेल रहे हैं, और जब तक आप रबर स्पाइक्स पहने हुए हैं या नंगे पैर हैं, आपको विकेट को करीब से देखने की अनुमति है। और यही कोच और कप्तान का काम है।卐 उन्होंने लॉर्ड्स में बेन डकेट और ज़ैक क्रॉली के साथ समय बर्बाद करने को लेकर हुई बहस, और ओल्ड ट्रैफर्ड में बेन स्टोक्स के रवींद्र जडेजा व वाशिंगटन सुंदर को शतक के करीब पहुंचने पर हाथ मिलाने की घटनाओं को भी कमतर आंका। यह बयान इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी टीम हैंडशेक प्रकरण से आगे बढ़ चुकी है।

भारत ने पाक से खेलने से किया इंकार

डब्ल्यूसीएल सेमीफाइनल में नहीं उतरे भारतीय खिलाड़ी

बर्मिंघम 30 जुलाई. भारत ने गुरुवार को बर्मिंघम में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के सेमीफाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया है।

- जम्मू-कश्मीर हमले के बाद लिया निर्णय
- दिग्गज खिलाड़ियों की टीम ने जताई असहमति

भारत ने यह निर्णय जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद लिया है और कहा है कि वह आतंक को समर्थन देने वाले देश के साथ किसी भी द्विपक्षीय खेल संबंध के पक्ष में नहीं है। भारतीय टीम, जिसमें शिखर धवन, इरफान पठान, हरभजन सिंह, युवराज सिंह और सुरेश रैना जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं, ने पहले ही समूह चरण के दौरान पाक के खिलाफ खेलने की अनिच्छा जाहिर कर दी थी।

> प्रतियोगिता के एक प्रमुख प्रायोजक ईज़ माई ट्रिप ने भी भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर अपना रुख साफ किया है। इस यात्रा तकनीक कंपनी के सह-संस्थापक निशांत पिट्टी ने अपने सामाजिक मंच पर लिखा, ईज़ माई ट्रिप भारत के साथ खड़ा है। हम किसी भी ऐसे आयोजन का समर्थन नहीं कर सकते जो आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश के साथ संबंध सामान्य करने का प्रयास करे। भारत की जनता ने अपना मत स्पष्ट कर दिया है, और हम उनकी आवाज़ सुनते हैं। ईज़ माई ट्रिप इस मैच से स्वयं को अलग करता है। कुछ चीज़ें खेल से बड़ी होती हैं। राष्ट्र पहले, व्यापार बाद में.

मोगा में फौजा सिंह की प्रतिमा स्थापित होगी

मोगा (पंजाब), 30 जुलाई (वार्ता) मोगा के प्रसिद्ध देश भगत पार्क में दिवंगत धावक फौजा सिंह की प्रतिमा शीघ्र ही स्थापित की जाएगी। फौजा सिंह का 114 वर्ष की आयु में 14 जुलाई, 2025 को जालंधर के उनके पैतृक गांव ब्यास पिंड में एक मोटर वाहन की टक्कर से निधन हो गया था। विश्व स्तर पर दौड़ने के दिग्गज सिंह के नाम कई आयु वर्ग के रिकॉर्ड दर्ज थे। उन्होंने 89 वर्ष की आयु में अपने दौड़ने के करियर की शुरुआत की। 100 वर्ष की आयु में, 2011 में टोरंटो वाटरफ्रंट मैराथन पूरी करके, वह मैराथन पूरी करने वाले पहले शताब्दी पुरुष बने।

लक्ष्य सेन सहित तीन शटलर प्री-क्वार्टर में

मकाऊ ओपन में भारतीय पुरुषों का दमदार प्रदर्शन

चेन्नई 30 जुलाई. बुधवार को मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और तरुण मन्नेपल्ली पुरुष एकल के राउंड ऑफ 16 में पहुंच गए हैं। सभी ने सीधे गेम में जीत दर्ज की।

आयुष शेट्टी ने ताइपे शटलर को दी करारी शिकस्त

राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन ने कोरिया के जिओन हियोक जिन को 21-8, 21-14 से हराया। पिछले महीने यूएस ओपन में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने वाले आयुष शेट्टी ने चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को 21-10, 21-11 से मात दी। तरुण मन्नेपल्ली ने एक भारतीय मुकाबले में मनराज सिंह को 21-19, 21-13 से हराया। हालांकि, किरण जॉर्ज और शंकर मुथुसामी अपने पहले दौर के मैच हार गए। महिला एकल में, पिछले सप्ताह चाइना ओपन की क्वार्टर फाइनलिस्ट उन्नति हुड्डा डेनमार्क की जूली डावल जैकबसेन से हार गईं। आकर्षी कश्यप और तसनीम मीर भी अपने-अपने मैच हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

मिश्रित युगल में, पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने थाईलैंड के राचपोल मक्कासिथोर्न और नट्टामोन लैसुआन को 21-10, 21-15 से हराया। हालांकि, रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गद्दे बाहर हो गए। पुरुष युगल के एक अन्य भारतीय मुकाबले में, पृथ्वी रॉय और के साई प्रथीक ने डिंगकू सिंह कोंथौजाम और अमान को 21-18, 21-19 से हराया।

एक नजर में

हर्षिका जैन ने यूरोप में रचा इतिहास

चेन्नई। भारतीय फुटबॉलर हर्षिका जैन ने रोमानियाई शीर्ष डिवीजन क्लब एसीएस एथलेटिक ओलंपिया घेरला के साथ एक साल का अनुबंध कर इतिहास रच दिया है, जिससे वह यूरोप में शीर्ष डिवीजन फुटबॉल खेलने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। 20 दिन के सफल ट्रायल के बाद यह करार हुआ।हर्षिका ने मीडिया को बताया कि 24 तारीख को साइन करना उनके लिए भाग्यशाली रहा। एसीएस एथलेटिक ओलंपिया घेरला ने 2024-25 सीज़न में सुपरलीगा फेमिना में पांचवां स्थान हासिल किया था। रोमानिया में तीन सप्ताह बिताने के बाद, हर्षिका ने भारतीय और रोमानियाई क्लब फुटबॉल के बीच स्पष्ट अंतर महसूस किया है। 22 वर्षीय इस खिलाड़ी ने बताया कि यहां खिलाड़ियों का फिटनेस स्तर और खेल की तीव्रता भारत से बहुत अलग है।

लिवरपूल ने योकोहामा को 3-1 से हराया

योकोहामा। प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल ने बुधवार को जापान में योकोहामा एफ. मारिनोस को प्री-सीजन दोस्ताना मैच में 3-1 से हराया। फ्लोरियन विर्ट्ज ने लिवरपूल के लिए अपना पहला गोल किया। मैच में ट्रेन्याओनी और रियो न्गुमोहा ने भी लिवरपूल के लिए गोल किए, जबकि योकोहामा के लिए असाही उएनाका ने गोल कर बढ़त बनाई थी।

ज़्वेरेव की विजयी वापसी, मेदवेदेव और अन्य आगे बढ़े

टोरंटो 30 जुलाई. अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने एक महीने के ब्रेक के बाद कोर्ट पर शानदार वापसी की। शीर्ष वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव ने एडम वाल्टन को 7-6 (8/6), 6-3 से हराकर एटीपी टोरंटो मास्टर्स के तीसरे दौर में जगह बनाई। जर्मन खिलाड़ी, जो विंबलडन के पहले दौर में हार गए थे, ने मानसिक थकान से निपटने के लिए अवकाश लिया था और राफेल नडाल की मलोरका अकादमी में परामर्श के लिए भी गए थे। तीसरी वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी और पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूण ने भी सीधे सेटों में आसान जीत के साथ तीसरे दौर में प्रवेश किया। मुसेटी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर जेम्स डकवर्थ को 7-5, 6-1 से हराया, जबकि रूण ने जियोवानी म्पेट्शी पेरिकार्ड को 7-6 (9/7), 6-3 से हराया। आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने रोमन सफिउलिन को 6-3, 6-3 से हराकर जीत दर्ज की। 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव ने अर्जेंटीना के जुआन पाब्लो फिकोविच को 6-4, 6-2 से हराया।

एटीपी टोरंटो मास्टर्स टेनिस

फर्नांडीज शेड्यूल से नाराज

मॉन्ट्रियल। वाशिंगटन खिताब जीतने के दो दिन बाद मंगलवार को कनाडाई ओपन के पहले दौर में हारने के बाद स्थानीय खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज ने टूर्नामेंट के शेड्यूल की आलोचना की है। फर्नांडीज ने बताया कि उन्हें 卐बहुत सारे वादे卐 मिले थे कि वह मंगलवार की रात के सत्र में खेलेंगी, जिससे उन्हें दोनों टूर्नामेंटों के बीच ठीक होने के लिए अधिक समय मिलेगा, लेकिन उन्हें रविवार को यात्रा के दौरान पता चला कि ऐसा नहीं होगा।

ब्रेंडन टेलर की टेस्ट क्रिकेट में वापसी

हरारे, 30 जुलाई (वार्ता) अनुभवी बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए जिम्बाब्वे टीम में शामिल किया गया है। भ्रष्टाचार रोधी और डोपिंग रोधी संहिताओं के उल्लंघन के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा साढ़े तीन साल के निलंबन के बाद यह उनकी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी है। टेलर पर जनवरी 2022 में प्रतिबंध लगाया गया था, क्योंकि उन्होंने 2019 में दिल्ली की यात्रा के दौरान भारतीय व्यापारियों से 15,000 अमेरिकी डॉलर लिए थे।

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियर कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों का नाम	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)	कुल बकाया....रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री हीरालाल बामनिया श्रीमती वेस्ती बाई श्रीमती सावित्री बामनिया हीरालाल मासून (प्रॉस्पेक्ट नं आईएल 10795582)	पटवारी हल्का संख्या 03, मकान संख्या 44, खसरा संख्या 47, ग्राम बलिवा रोड, ग्राम पंचायत बलिवा रोड, :तहसील अंजड़, जिला बड़वानी, मध्य प्रदेश, 451551 का वह पूरा टुकड़ा. क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में) : संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल . संपत्ति क्षेत्रफल- 750.00, 370.00, 300.00	रु. 409657/- (रु. चार लाख नौ हजार छह सौ सत्तावन मात्र)	12/12/2024	25/7/2025

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी ब्रांच आफिस: पहला माला, 29, निकास चौराहा, अंकपथ मार्क, नई सड़क, उज्जैन (म.प्र.)-456001 या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस- IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- बड़वानी, दिनांक : 31-7-2025 प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

नई पारी | एको के 7 करोड़ से अधिक ग्राहक, हर साल 20 लाख क्लेम, मोटर, हेल्थ और ट्रैवल बीमा में कर रही सेवाएं

धोनी बने एको के निवेशक और ब्रांड एंबेसडर

नयी दिल्ली, 30 जुलाई (वार्ता) टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब देश की सबसे तेजी से बढ़ती बीमा कंपनी एको से जुड़ गए हैं।

धोनी ने मिडाज डील्स के ज़रिए एको में किया निवेश

ब्रांड एंबेसडर बन बोले धोनी बीमा को सरल बनाना ज़रूरी

उन्होंने एको में निवेश करने के साथ ही ब्रांड एंबेसडर की भूमिका भी निभानी शुरू कर दी है। यह साझेदारी दोनों की उस सोच पर आधारित है जो बीमा को हर व्यक्ति के लिए आसान और भरोसेमंद बनाना चाहती है।

धोनी ने अपनी फैमिली फर्म मिडाज डील्स प्राइवेट लिमिटेड के ज़रिए एको में रणनीतिक निवेश किया है। यह निर्णय इस बात को दर्शाता है कि धोनी को एको के उद्देश?य में दृढ़ आस?था है ङ्क एक ऐसा बीमा अनुभव जो सरल हो, आसानी से समझ में आए और आधुनिक भारत के लोगों के लिए सुलभ हो।

एको की शुरुआत इस उद्देश्य से हुई थी कि बीमा के अनुभव से सभी झंझटों को खत्म किया जा सके। आज एको 7 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों को सेवाएं दे रहा है और हर साल 20 लाख से अधिक क्लेम प्रोसेस करता है ङ्क मोटर, हेल्थ और ट्रैवल बीमा क्षेत्रों में। तकनीक और डेटा के साथ-साथ इंसानी समझ के संतुलन से एको बीमा को पहले से कहीं ज्यादा आसान और भरोसेमंद बना रहा है।

>
>
> साझेदारी पर बात करते हुए एम.एस. धोनी ने कहा, एक ऑटोमोबाइल प्रेमी होने के नाते मुझे हमेशा लगा कि बीमा को बेवजह जटिल बना दिया गया है। एको ने इस उलझन को सुलझाया है। उनकी टेक-फर्स्ट और ग्राहक-केंद्रित सोच वैसी ही है जैसी आज का नया भारत चाहता है। मुझे खुशी है कि मैं एक ऐसे ब्रांड से जुड़ रहा हूं जो भरोसे और बदलाव पर काम कर रहा है।

सोच का प्रतीक

एको के संस्थापक वरुण दुआ ने कहा, धोनी के साथ यह साझेदारी सिर्फ ब्रांड का नहीं, बल्कि सोच का मेल है। वह उन मूल्यों का प्रतीक हैं जिन पर एको की नींव टिकी है ङ्क ग्राहक सर्वोपरि, सरलता और बिना झिझक नवाचार। वह भरोसे, अनुशासन और शांत रहते हुए खेल को फिर से परिभाषित करने की काबिलियत का प्रतीक हैं। उनके जुड़ने से हमारा मिशन और मजबूत हुआ है ङ्क भारत में बीमा को सरल, समझने योग्य और लोगों का पसंदीदा बनाना।